**राजेश कुमार, भा.प्र.से., आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया की अध्यक्षता में VC के माध्यम से दिनांक 14.01.2026 को 10:30 बजे पूर्वाहन् में आयोजित एग्री स्टैक (फार्मर रजिस्ट्री) योजना के समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित संयुक्त निदेशक (शष्य), पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया एवं जिला कृषि पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् एग्री स्टैक (फार्मर रजिस्ट्री) के प्रगति की समीक्षा प्रारंभ की गई।

**<u>समीक्षा के क्रम में निम्नांकित निदेश दिये गये :–</u>**

- समीक्षा में एग्री स्टैक (फार्मर रजिस्ट्री) की जिलावार स्थिति निम्नवत पाई गई :–

| Name of District | Total PM Kisan Beneficiaries | PM Kisan_e-Kyc | PM Kisan e-Kyc % | Other Farmer e-Kyc | Total e-Kyc | Pm Kisan FR | PM Kisan FR % | Other Farmer FR | Total FR | Total Approved (ID) | Pending FR at KC Level | Pending at Karamchari Login For Approve | Pending at Revenue Officer /Circle Officer For Approve |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Purnea | 201010 | 113434 | **56.43** | 34048 | 147482 | 52436 | **26.09** | 20605 | **73041** | 39183 | 74441 | 18734 | 818 |
| Katihar | 205897 | 132138 | **64.18** | 24151 | 156289 | 58621 | **28.47** | 20261 | **78882** | 60119 | 77407 | 18812 | 49 |
| Kishanganj | 103464 | 48892 | **47.26** | 38100 | 86992 | 32808 | **31.71** | 11197 | **44005** | 24763 | 42987 | 14302 | 1776 |
| Araria | 278027 | 105546 | **37.96** | 90122 | 195668 | 61346 | **22.06** | 10323 | **71669** | 50776 | 21332 | 1675 | 136 |
| Total | **788398** | **400010** | **50.74** | **186421** | **586431** | **205211** | **26.03** | **62386** | **267597** | **174841** | **216167** | **53523** | **2779** |

उपरोक्त प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि प्रमंडलाधीन जिलों में फार्मर रजिस्ट्री हेतु E-Kyc लगभग 50 प्रतिशत लंबित है। साथ ही फार्मर आई0डी0 राजस्व कर्मचारी के लॉगिन में कार्रवाई हेतु लंबित पाया गया। जिला कृषि पदाधिकारी संबंधित अंचल कार्यालय से समन्वय स्थापित कर सभी मामलों का यथाशीध्र निष्पादित करेंगे।

- एग्री स्टैक (फार्मर रजिस्ट्री) योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार कराने का निदेश सभी जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया ताकि अधिक से अधिक किसान उक्त योजना के लाभ से अवगत हो सके तथा किसान आई0डी0 बनाया जा सके।

- इस योजना में कृषि विभाग तथा राजस्व एवं भूमि सूधार विभाग दोनों की सहभागिता है। जिला कृषि पदाधिकारी एवं कृषि विभाग से संबंधित अन्य क्षेत्रीय पदाधिकारी के स्तर से की जाने वाले कार्यों यथा E-Kyc को अभियान चलाकर सम्पन्न कराया जाय। तत्पश्चात यदि मामला राजस्व कर्मचारी/अंचलाधिकारी के स्तर से लंबित रहता है तो कारण सहित इसकी जानकारी संयुक्त निदेशक (शष्य) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाय ताकि ससमय उसका निष्पादन कराया जा सके।

- जिला कृषि पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन किसान सलाहकार एवं कृषि समन्वयक को प्रतिदिन का लक्ष्य देकर डोर–टू–डोर सभी किसानों का E-Kyc सत्यापन, किसान रजिस्ट्री एवं किसान आई0डी0 निर्गत करने हेतु निदेशित करेंगे।

• पूर्णिया प्रमंडल के चारों जिलों का प्रगति यद्यपि अन्य जिलों के अपेक्षाकृत संतोषजनक है परन्तु इसमें और गति लाने की आवश्यकता है ताकि विभाग स्तर से निर्धारित समय–सीमा के अन्दर लक्ष्य की प्राप्ति किया जा सके। सभी जिला कृषि पदाधिकारी को अगले सप्ताह तक विभागीय लक्ष्य के विरुद्ध कम से कम 50 प्रतिशत तक उपलब्धि सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया।

• महादलित टोला के किसानों को प्राथमिकता देकर उनका फार्मर आई0डी0 निर्गत करने हेतु आवश्यक कार्रवाई किया जाय। महादलित टोला के किसानों का प्रगति से संबधित प्रतिवेदन अलग से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

• जिला कृषि पदाधिकारी प्रतिदिन अपने स्तर से इस योजना की प्रगति की समीक्षा एवं अनुश्रवण करेंगे तथा इससे संबंधित प्रगति प्रतिवेदन प्रतिदिन संयुक्त निदेशक (शष्य) के माध्यम से उपलब्ध करायेंगे।

अंत में धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक............/............... दिनांक............/...............

| | |
|---|---|
| प्रतिलिपि :– | जिला पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। |
| प्रतिलिपि :– | संयुक्त निदेशक (शष्य), पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। |
| प्रतिलिपि :– | अपर समाहर्त्ता (राजस्व)/जिला कृषि पदाधिकारी, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। |

ह0/–
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक....267.... दिनांक....14-01-2026....

| | |
|---|---|
| प्रतिलिपि :– | प्रधान सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। |
| प्रतिलिपि :– | प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सूधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। |

Raj k.
14/1/2026.
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।